# उद्योगों के लिए यूपी में सबसे बेहतर माहौल : सीआइआइ

- मुख्यमंत्री से मिला सीआइआइ नेतृत्व, वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था पर की चर्चा
- उद्योग जगत और सरकार के बीच सहयोग को और सशक्त बनाने का प्रयास

जासं • लखनऊ : उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने के लिए उद्यमी सरकार के साथ हैं। सरकार की नीतियां उद्योगों के अनुरूप ही निर्धारित की जा रही हैं। गुरुवार को मख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीआइआइ के शीर्ष प्रतिनिधमंडल ने मुलाकात की, जिसके बाद उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के विजन को गति देने पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में संजय कपूर, अध्यक्ष सीआइआइ उत्तरी क्षेत्र एवं चेयरमैन सोना कामस्टार, डा. उपासना अरोड़ा चेयरपर्सन सीआइआइ उत्तर प्रदेश एवं प्रबंध निदेशक, यशोदा सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल्स और अभिषेक सराफ उपाध्यक्ष सीआइआइ उत्तर प्रदेश एवं प्रबंध निदेशक शामिल थे।

सीआइआइ के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस मुलाकात का उद्देश्य उद्योग जगत और सरकार के बीच सहयोग को और सशक्त बनाना एवं राज्य में औद्योगिक विकास को गति देना था। बैठक के दौरान संजय कपूर ने राज्य सरकार द्वारा उद्योगों के लिए प्रगतिशील और नीतिगत वातावरण की सराहना की और वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सीआइआइ की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा सीआइआइ राज्य की विकास की प्राथमिकताओं के अनुरूप नीतियों को आगे बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर उपासना अरोड़ा ने प्रदेश सरकार के निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सीआइआइ इस साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की आशा रखता है और सरकार से निरंतर सहयोग की अपेक्षा करता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने पहुंचे सीआइआइ के पदाधिकारी • सौजन्यः सीआइआइ